कार्यालय मुख्य अभियंता (सिविल–परियोजना–I)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड : रायपुर

क्रमांक : 04–02 / कार्य / 1536 रायपुर, दि. 23/12/2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत अथवा शासकीय विभाग / उपक्रम में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित है । निविदा प्रपत्र शासकीय विभाग / उपक्रम में पंजीकृत तथा समान कार्यों में अनुभवी ठेकेदारों को भी प्रदान किए जाएंगे । अपंजीकृत ठेकेदार जिन्हें शासकीय विभाग / उपक्रम में समान कार्यों का अनुभव हो, के आवेदन के साथ कम–से–कम कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी द्वारा जारी अनुभव का प्रमाण प्रस्तुत करने पर विचार किया जा सकता है । निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि **27.12.2021**, निविदा विक्रय की अंतिम तिथि **28.12.2021** होगी, निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि **29.12.2021** एवं निविदा खुलने की तिथि **29.12.2021** होगी ।

01. निविदा विशेषीकरण क्रमांक कानिसि–परि–I / कार्य / 2021–22 / T--29

कार्य का नाम : छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत बोधघाट जल विद्युत परियोजना बारसूर के कार्यालयीन शेड़ में रखे दस्तावेज, फर्नीचर इत्यादि का रखरखाव एवं सुरक्षा का कार्य । अनुमानित लागत : रुपये 3,50,347 (जीएसटी सहित)। बयाने की राशि : रुपये 3510 / – निविदा प्रपत्र का मूल्य : रुपये 236 (जीएसटी सहित) । कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 माह (वर्षा ऋतु सहित) ।

अन्य नियम एवं शर्तें :–

01. किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत या पूर्णतः अमान्य करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा । **02.** ठेकेदारों के द्वारा निर्धारित मूल्य के RTGS/NEFT (खाता क्र. 0399002100077680, IFSC Code No. PUNB0039900) के माध्यम से सहायक प्रबंधक(केन्द्रीय लेखा इकाई) छ.ग.स्टे.पा.जन.कं.लिमि., रायपुर को देय हो, जमा करने पर ही अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निविदा प्रपत्र जारी किये जावेंगे । निविदाएं डाक द्वारा मगाने पर रूपये 100 / – प्रति निविदा अतिरिक्त देय होगा । डाक द्वारा भेजे गए दस्तावेज का समय पर न मिलने की जवाबदारी कम्पनी की नहीं होगी । **03.** निविदा के अनुरूप निर्धारित बयाने की राशि केवल RTGS/NEFT (खाता क्र. 0399002100077680, IFSC Code No. PUNB0039900) के माध्यम से सहायक प्रबंधक(केन्द्रीय लेखा इकाई), छ.ग.स्टे.पा.जन.कं.लिमि., रायपुर को देय हो, RTGS/NEFT की प्रमाणित प्रति अलग सीलबंद लिफाफे में जमा की जानी चाहिए, इस लिफाफे को संबंधित निविदा प्रपत्र के सीलबंद लिफाफे के ऊपर संलग्न किया जाना चाहिए। **04.** निविदाएं निर्धारित तिथि को 16.00 बजे तक लिये जावेंगे एवं उसी दिन 16.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोले जावेंगे । **05.** निविदा विक्रय की अंतिम तिथि / जमा करने की तिथि पर कार्यालयीन अवकाश होने की स्थिति में कार्यवाही अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर की जावेगी । **06.** यदि किसी ठेकेदार द्वारा, इस कार्यालय द्वारा जारी किसी भी लेटर ऑफ अवार्ड के विरूद्ध लेटर ऑफ अवार्ड जारी करने के दिनांक से 10 दिवस के भीतर अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया है तो उसे निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जावेगा । संपर्क हेतु दूरभाष क्रमांक 0771 – 2574573 ।

कार्यपालक निदेशक (सि.–परि.–I)
छ.ग.स्टे.पा.जन.कं.लिमि., रायपुर

पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल, विद्युत सेवा भवन, डंगनिया, रायपुर– 492 013; CIN No. U40108CT2003SGC015821
Phone : 0771-2574561; Fax : 0771-2574579; mail : civil.cseb@gmail.com; web site : www.cseb.gov.in